Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

## ➢ नागौर में सहायक उप निरीक्षक, पुलिस थाना मेड़ता सिटी, जिला नागौर 20,000/– रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, दिनांक 11 नवम्बर, मंगलवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी नागौर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **रामस्वरूप, सहायक उप निरीक्षक, पुलिस थाना मेड़तासिटी, जिला नागौर को 20,000/– रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि ए.सी. बी. चौकी नागौर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी के विरूद्ध पुलिस थाना मेड़ता सिटी में दर्ज प्रकरण में परिवादी की मदद करने व अन्य परिवार जनों को गिरफ्तार नहीं करने की एवज में 50,000/– रूपये की रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है, जिस पर दिनांक 30.10.2025 को रिश्वत मांग का गोपनीय सत्यापन करवाया गया, जिसमें आरोपी द्वारा 50,000/– रूपये रिश्वत राशि की मांग कर जल्द से जल्द रिश्वत राशि देने हेतु दबाव बनाना पाया गया एवं दिनांक 01.11.2025 को परिवादी के भाई को थाने बुलाकर डरा धमकाकर 30,000/– रूपये रिश्वत राशि प्राप्त कर, 20,000/– रूपये रिश्वत पूर्व में तयशुदा अनुसार देने बाबत् परिवादी के परिचितों के साथ बार बार सुचना भिजवाकर रिश्वत राशि देने हेतु दबाव बनाया गया।

जिस पर एसीबी रेंज अजमेर के **पुलिस अधीक्षक श्री महावीर सिंह राणावत** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. चौकी नागौर की **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कल्पना सोलंकी** के नेतृत्व में आज मय ट्रेप दल के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी रामस्वरूप, सहायक उप निरीक्षक, पुलिस थाना मेड़तासिटी, जिला नागौर को परिवादी से **20,000/– रूपये** (भारतीय चलन मुद्रा) रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के नेतृत्व में आरोपी से पूछताछ तथा अग्रिम कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।